**खबर संक्षेप**

### मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए अधिकारी नियुक्ति

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के जारी पत्र के परिपालन में पंचायतो की 01 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की तैयारी हेतु म.प्र. नगरपालिका निर्वाचन अधिनियम 1994 की धारा 03 के उपनियम (02) द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुये रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,सहायक रजिस्ट्रीकरण एवं अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है।

जनपद पंचायत सोहागपुर हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार सोहागपुर सुमित गुर्जर, नायब तहसीलदार राजकुमार कोल का अधिकार क्षेत्र समस्त सोहागपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायते, जनपद पंचायत बुढार हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार बुढार श्रीमती भावना डेहरिया, नायब तहसीलदार मनोज सिंह का अधिकार क्षेत्र समस्त बुढार जनपद पंचायत की ग्राम पंचायते, जनपद पंचायत जयसिंहनगर हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार जयसिंहनगर सुषमा धुर्वे, नायब तहसीलदार श्री रोहित सिंह परिहार का अधिकार क्षेत्र जयसिंहनगर की समस्त ग्राम पंचायते, जनपद पंचायत गोहपारू हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार दिव्या सिंह,, नायब तहसीलदार राजकुमार टांडिया का अधिकार क्षेत्र जयसिंहनगर की समस्त ग्राम पंचायते, जनपद पंचायत ब्यौहारी हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार ब्यौहारी डीलन सिंह मरावी, नायब तहसीलदार अजय कुमार पाण्डेय का अधिकार क्षेत्र ब्यौहारी की समस्ते ग्राम पंचायत निर्धारित किया गया है। साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने अपर कलेक्टर शहडोल को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है।

### जंगल में जुआ खेलते 7 जुआरी गिरफ्तार

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना पाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम आमगार के जंगल में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर दबिश दी गई। मौके से पुलिस ने सात आरोपियों को पकडऩे में सफलता हासिल की। इनके कब्जे से 6480 रुपये नगद, ताश के पत्ते और तीन मोटरसाइकिल जब्त की गईं। आरोपियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों में नन्हे लाल अहिरवार निवासी इंद्रावास कॉलोनी घुनघुटी, अब्दुल सरीफ उर्फ बबलू निवासी पांच नंबर कॉलोनी नौरोजाबाद, विजय यादव निवासी ग्राम पिनौरा थाना नौरोजाबाद, लल्लू उर्फ धोनी निवासी वार्ड नंबर 04 घुनघुटी, सूरज कुमार प्रजापति निवासी वार्ड क्रमांक 07 पाली, कईम खान उर्फ कालू बंडा निवासी वार्ड क्रमांक 08 पाली, वाजिद खान निवासी वार्ड 08 नौरोजाबाद शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि जिलेभर में ऐसे अवैध कार्यों पर सख्ती जारी रहेगी और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

**चोरी की रेत, घटिया सीमेंट और लापरवाही का खुला खेल**

# बुढ़ार में घटिया सीसी रोड निर्माण









**शहडोल।** विकास कार्यों के नाम पर जिम्मेदार विभाग किस तरह जनता की गाढ़ी कमाई को लूट का जरिया बना रहे हैं, इसकी बानगी बुढ़ार नगर में साफ दिखाई दे रही है। पंचवटी चौराहे से बुढ़ार जाने वाले मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सीसी रोड निर्माण में हर स्तर पर भारी अनियमितताएं और घटिया सामग्री के उपयोग का मामला उजागर हुआ है। जानकारी के अनुसार, पंचवटी चौराहे से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 को बुढ़ार मार्ग से जोडऩे के लिए सीसी रोड का काम रीवा की आयुष ट्रेडर्स फम को दिया गया है। निर्माण स्थल पर जो गिट्टी उपयोग की जा रही है, उसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यही नहीं जरवाही, बटली और घाट जैसे स्थानों से चोरी कर लाई गई रेत का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। इस पूरे खेल में रेत खनन और परिवहन नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। खनिज विभाग से यदि किसी दिन की ई-टीपी (ई-ट्रांजिट पास) की जानकारी मांगी जाए तो साफ हो जाएगा कि निर्माण में प्रयुक्त रेत अवैध रूप से मंगाई जा रही है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी आँख मूंदे बैठे हैं।



#### प्राक्कलन बोर्ड गायब, उपयंत्री नदारद

निर्माण कार्य के दौरान नियमों के तहत प्राक्कलन बोर्ड का होना अनिवार्य है, ताकि आम जनता को योजना, लागत और तकनीकी मापदंडों की जानकारी रहे। लेकिन यहां निर्माण स्थल पर कोई भी बोर्ड नहीं लगाया गया है। सबसे गंभीर बात यह है कि विभाग का उपयंत्री मौके पर कभी दिखाई नहीं देता। निर्माण कार्य मजदूरों और ठेकेदार की मर्जी से चलता है। गुणवत्ता की जांच और तकनीकी निरीक्षण पूरी तरह से कागजों में सिमट गया है।

#### सीमेंट का बड़ा घोटाला

तकनीकी प्रावधानों के अनुसार सीसी रोड के निर्माण में ओपीसी का उपयोग होना चाहिए, लेकिन मौके पर पीपीसी का उपयोग हो रहा है। दोनों सीमेंट की कीमत में भारी अंतर होता है। ठेकेदार और विभाग की मिलीभगत से सस्ती पीपीसी सीमेंट लगाकर लाखों का गबन किया जा रहा है। ओपीसी सीमेंट जहां ज्यादा मजबूती और टिकाऊपन देती है, वहीं पीपीसी का उपयोग सडक़ को कमजोर और जल्दी क्षतिग्रस्त बना देता है। इसका सीधा असर जनता के पैसों और सडक़ की आयु पर पड़ेगा।

#### बेस को मजबूत नहीं होने दिया गया

सडक़ निर्माण के लिए डीएलसी का कार्य भी निर्धारित प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया जा रहा। नियमों के मुताबिक डीएलसी बिछाने के बाद बेस को कुछ समय तक छोडक़र जमने और मजबूत होने दिया जाना चाहिए, उसके बाद ही ऊपरी सतह



का काम होना चाहिए, लेकिन यहां जल्दबाजी और भ्रष्टाचार के चलते बेस बिछाने के तुरंत बाद ही सडक़ की ऊपरी परत डाली जा रही है। इसका नतीजा होगा कि सडक़ शुरू होते ही जगह-जगह दरारें और गड्ढे नजर आएंगे।

#### जिम्मेदार विभाग की संलिप्तता

सडक़ निर्माण से जुड़े सभी नियम-कायदों को ताक पर रखकर ठेकेदार और विभागीय अधिकारी अपनी जेबें भरने में लगे हुए हैं। यह सब कुछ लोक निर्माण विभाग के संरक्षण में खुलेआम चल रहा है। विभागीय अफसरों की मिलीभगत के बिना चोरी की रेत का परिवहन, घटिया गिट्टी की आपूर्ति और कम ग्रेड सीमेंट का उपयोग संभव ही नहीं है। आश्चर्य की बात यह है कि स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को शिकायतें मिलती रही हैं, बावजूद इसके मौके पर जाकर कोई जांच नहीं की गई। इससे साफ है कि पूरा खेल ऊपर से लेकर नीचे तक मिलीभगत और भ्रष्टाचार का है।

#### जनता के पैसों से खिलवाड़

बुढ़ार नगर की जनता वर्षों से बेहतर सडक़ की मांग कर रही थी। आखिरकार योजना स्वीकृत हुई तो उम्मीद बंधी कि अब उन्हें मजबूत और टिकाऊ सडक़ मिलेगी, लेकिन जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार की लापरवाही और भ्रष्टाचार ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। जिस सडक़ पर आने वाले दशकों तक वाहनों का दबाव झेलना था, वह शायद कुछ ही महीनों में उखडऩे लगेगी। इससे एक बार फिर जनता को गड्ढों, धूल और हादसों का सामना करना पड़ेगा। सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर विकास कार्यों का दावा करती है, लेकिन जब जनहित की सडक़ें ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएं, तो इसका खामियाजा सीधा जनता को भुगतना पड़ता है। सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार विभाग और अधिकारी कभी इस गड़बड़ी की जांच करेंगे?

## राज्यपाल के नाम कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा




#### ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस का जोर, अधिसूचना वापस लेने की मांग

**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने ओबीसी आरक्षण के लंबित प्रकरणों को लेकर राज्यपाल को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य सरकार ने 08 मार्च 2019 को अध्यादेश जारी कर ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया था। इसके बाद 14 अगस्त 2019 को विधानसभा में संशोधन अधिनियम पारित कर अधिसूचित भी किया गया। लेकिन इस बीच एक छात्रा की याचिका पर उच्च न्यायालय ने सीमित अंतरिम आदेश पारित किया था। आज तक न ही उच्च न्यायालय और न ही सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून पर कोई स्थगन आदेश पारित किया है, इसलिए यह कानून राज्य में शिक्षा और रोजगार दोनों क्षेत्रों में प्रभावी है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्तमान में लगभग 70 याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं, जिनमें से अधिकांश ओबीसी वर्ग द्वारा विधिसम्मत लाभ दिलाने के लिए दायर की गई हैं। लेकिन राज्य सरकार की अधिसूचना स्वयं कानून के विपरीत है, जिससे विवाद की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार तत्काल उक्त अधिसूचना को वापस ले, ताकि ओबीसी वर्ग को उसका वास्तविक लाभ मिल सके।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रभात पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, बुढ़ार ब्लॉक अध्यक्ष राजीव शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

#### 60 हजार का मसरूका बरामद

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सीताराम के निर्देश पर जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम और आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नौरोजाबाद पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 60 हजार रुपये का चोरी गया सामान (मसरूका) बरामद किया है। फरियादी सतीश राय निवासी ग्राम करकेली स्थाई पता - कर्मा, दिलदार नगर गाजीपुर ने 27 अगस्त 2025 को थाना नौरोजाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नाबार्ड योजना के तहत ग्राम नरवार में लगाई गई 2 एचपी की सोलर मोटर और कटीले तार , जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रुपये थी, अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 287/25 धारा 379 आईपीसी कायम कर विवेचना शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने आदतन अपराधियों और निगरानी बदमाशों से पूछताछ की। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई गई। इस दौरान नाबार्ड संस्था के अंतर्गत मजदूरी करने वाले राजेन्द्र उर्फ पप्पू बैगा का नाम सामने आया। पुलिस ने जब उसे




पकड़ा और सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने साथी राजेश बैगा के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई 2 एचपी की सोलर मोटर कीमत 55 हजार रुपये और कटीले तार कीमत 5 हजार रुपये कुल 60 हजार रुपये का मसरूका बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की विधिसंगत कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तेंदुआढ़ पंचायत बनी भ्रष्टाचार का अड्डा

#### सरपंच पति व सचिव की मिलीभगत से घोटालों की लंबी फेहरिस्त

**शहडोल।** जिले की जयसिंहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुआढ़ इन दिनों भ्रष्टाचार की खुली प्रयोगशाला बन चुकी है। पंचायत की निर्विरोध सरपंच फूलबाई कोल के पति रामराज कोल से लेकर सचिव ओमप्रकाश दुबे और उपसरपंच राजेंद्र पटेल तक, पूरा तंत्र विकास की राशि को हड़पने में मशगूल है। हालात इतने गंभीर हैं कि ग्रामीण 15 अगस्त की ग्रामसभा तक नहीं बुला पाए, ताकि सवाल-जवाब से बच सकें। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत पर अब आमजन का कोई नियंत्रण नहीं रहा, बल्कि यह चुनिंदा लोगों के लिए कमाई का जरिया बन चुका है।

#### कागजों में बने तालाब, राशि हड़पी

ग्राम पंचायत में उपसरपंच और सरपंच पति ने अपने रिश्तेदारों के नाम पर तीन-तीन लघु तालाब स्वीकृत करवा लिए। जबकि हकीकत में एक ही तालाब बना और बाकी महज कागजों पर पूरे कर दिए गए। हितग्राही कल्लू कोल पिता छोटे कोल के नाम से तालाब पास कर 1,97,444 रुपये की राशि आहरित की गई। जबकि जमीन पर केवल 65 घंटे मशीन चली और लाभार्थी को महज 14 हजार रुपये मिले। शेष राशि सरपंच पति, सचिव, उपसरपंच, वार्ड पंच प्रभा पटेल के पति मंगलेश पटेल और इंजीनियर रसूद्दीन खान की जेब में चली गई।

#### ग्रामीणों की जेब पर डाका




ग्रामीण पप्पू साहू उर्फ ओमप्रकाश साहू ने बताया कि उन्हें जबरन सोकता पिट खुदवाने के लिए मजबूर किया गया और यह आश्वासन दिया गया कि 15 दिनों में भुगतान हो जाएगा। लेकिन महीनों बीत गए, काम अधूरा पड़ा है और ग्रामीण का 15 हजार रुपये का निवेश डूब गया। यही हाल कई अन्य हितग्राहियों का भी है। पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के नाम पर प्रत्येक हितग्राही से 1000 रुपये तक की वसूली की गई। गरीबों के हक का मकान कागजों में लटकाकर उन्हें पैसों के लिए परेशान किया गया।

#### फर्जी बिल और काल्पनिक निर्माण

तेंदुआढ़ पंचायत में सचिव ओमप्रकाश दुबे द्वारा लगवाए गए बिलों में भारी गड़बड़ी सामने आई है। पंचायत के नाम पर एसबीएम कम्प्यूटर और मंसूरी इंटरप्राइजेस जैसी दुकानों से सामग्री के बिल लगाए गए, जिनका पंचायत विकास से कोई संबंध नहीं। जबकि दो-दो लैपटॉप, मोबाइल और प्रिंटर पंचायत फंड से खरीद लिए गए। इतना ही नहीं, पंचायत भवन के पास घाट निर्माण का काम कागजों में पूर्ण दिखाकर भुगतान उठा लिया गया, जबकि स्थल पर आज भी काम अधूरा है।

#### 15 अगस्त की ग्रामसभा टाली गई

15 अगस्त को ग्रामसभा आयोजित की जानी थी, जिसमें योजनाओं की जानकारी और ग्रामीण विकास पर चर्चा होनी थी। लेकिन भ्रष्टाचार पर सवाल खड़े होने के डर से पंचायत ने बैठक ही नहीं बुलाई। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के पास जवाब ही नहीं था। ग्रामीणों का कहना है कि निर्विरोध चुनी गई सरपंच से उन्हें उम्मीद थी कि विकास होगा और रोजगार मिलेगा, लेकिन पंचायत ने सबकुछ ठेकेदारों और चुनिंदा लोगों को सौंप दिया। पीसीसी सडक़ें खुद पंचायत बनवा सकती थीं जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलता, लेकिन यहां भी ठेके के खेल में भ्रष्टाचार हावी है। ग्रामवासियों का आरोप है कि यदि निष्पक्ष जांच हो जाए तो सरपंच, सचिव और इंजीनियर जेल जाने से नहीं बच पाएंगे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**शहडोल।** भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय तथा मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद्र जी की 120वीं जयंती के अवसर पर जिले में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी खेल और युवा कल्याण अधिकारी शहडोल श्री अभिषेक दीवान ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय खेल के दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त 2025 तक शहडोल जिले में विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त को प्रातः 7 बजे से मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मैराथन दौड़ शहडोल के जय स्तम्भ चौक से गांधी चौक होते हुए महात्मा गांधी स्टेडियम में समाप्त होगी आयोजन के लिए धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी ऐथलेटिक्स कोच तथा श्रीदेवी स्वामी, रतन सिंह ठाकुर, कल्पना अहिरवार, अजय सोंधिया, प्रशांत नामदेव, मंजू ओझा, अनीता मिश्रा, संतोष पाण्डेय एवं केके श्रीवास्तव को सहयोगी नियुक्त किया गया है। उसी दिन प्रातः 9 बजे गांधी स्टेडियम में 100 मीटर, 200 मीटर तथा 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी ऐथलेटिक्स कोच तथा श्रीदेवी स्वामी, रतन सिंह ठाकुर, कल्पना अहिरवार, अजय सोंधिया, प्रशांत नामदेव, मंजू ओझा, अनीता मिश्रा, संतोष पाण्डेय, केके श्रीवास्तव एवं शानउल्ला खान को सहायोगी नियुक्त किया गया है। 29 अगस्त को ही मध्यान्ह 12 बजे से रेल्वे ग्राउण्ड में व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मोहम्मद रहीम खान पीटीआई, श्रीदेवी स्वामी, शिवानी नामदेव, अमृता अंजली तथा इमरान खान को प्रतियोगिता आयोजित करने का दायित्व दिया गया है। 30 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे रेल्वे ग्राउण्ड में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए मोहम्मद रहीम खान को प्रभारी, तथा श्रीदेवी स्वामी, शिवानी नामदेव, अमृता अंजली एवं इमरान खान को सहयोगी नियुक्त किया गया है। महात्मा गांधी स्टेडियम में बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन अपरान्ह 4 बजे से किया गया है। जिसके प्रभारी केके श्रीवास्तव एवं वीरेन्द्र श्रीवास्तव होंगे। उसी दिन रघुराज उत्कृष्ट विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शायं 5 बजे से किया जाएगा। जिसके आयोजन के लिए कल्पना अहिरवार को प्रभारी तथा जितेन्द्र पटेल, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीदेवी स्वामी तथा रतन ठाकुर को आयोजन का दायित्व सौंपा गया है। 31 अगस्त 2025 को साईकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन हनुमान मंदिर कल्याणपुर से प्रातः 9 बजे से केंद्रीय विद्यालय तक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए संजीव मिश्रा प्रभारी तथा पुष्पराज सिंह, अजय द्विवेदी, धीरेन्द्र सिंह, श्रीदेवी स्वमी, रतन सिंह ठाकुर, कल्पना अहिरवार तथा दयानंद सोंधिया को आयोजन सहयोगी नियुक्त किया गया है। उसी दिन दोपहर 12 बजे से रेल्वे ग्राउण्ड शहडोल में फुटबाल प्रतियोगिता किया गया है। जिसका दायित्व रईस अहमद को प्रभारी तथा अनिल सिंह, दयानंद सोंधिया, लक्ष्मी सहीस, नरेंश कुंडे, अजय सोंधिया तथा शंकर दाहिया को आयोजन का दायित्व सौंपा गया है। मध्यान्ह 12 बज से रेल्वे सामुदायिक भवन में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन प्रभारी रामरूद्र पटेल को नियुक्त किया गया है। 31 अगस्त को ही मध्यान्ह 12 बजे से विराट मार्शल आर्ट एकेडमी सोहागपुर में लाठी प्रतियोगिता आयोजन किया गया है। आयोजन के प्रभारी प्रमोद विश्वकर्मा एवं शिवानी नामदेव होंगे। खेल आयोजनों में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, विभिन्न खेल संघों तथा वरिष्ठ खिलाड़ियों का सहयोग लिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जी की जयंती



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कसौंधन वैश्य समाज कोतमा द्वारा महर्षि कश्यप की जयंती का आयोजन किया गया। पुरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 6 में महर्षि कश्यप की प्रतिमा स्थापित करने के लिए नपा अध्यक्ष अजय सराफ पार्षद राजकली मनोज सोनी के द्वारा भूमि पूजन किया गया। कश्यप जयंती के उपलक्ष्य मे शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए मंगल भवन मे संपन्न की गई। शोभायात्रा मे बाजे गाजे की धुन पर जमकर महिला एवं पुरुष तथा बच्चों ने डांस किया। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मंगल भवन मे कसौधन वैश्य समाज के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे हिस्सा लेने वाले बच्चे बच्चियों को भी पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम व भोजन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम मे कसौधन वैश्य समाज की महिलाओं एवं पुरुषों के साथ ही गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

### 24 घंटे के भीतर गुमशुदा युवक दस्तयाब



**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में थाना रामनगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर एक गुमशुदगी के मामले का सफल निराकरण किया है। दिनांक 27.08.2025 को कायम गुम इंसान क्रमांक 43/25 के प्रकरण में गुमशुदा युवक सूरज कुमार केवट, पिता रामेश्वर केवट, उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 12 मालगा को थाना परिसर, थाना रामनगर में सकुशल दस्तयाब किया गया। पुलिस ने युवक को उसके पिता रामेश्वर प्रसाद केवट को सुपुर्द कर परिवार को राहत प्रदान की। इस त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, एएसआई विनोद नाहर तथा आरक्षक मुमताज ख़ान की सक्रिय भूमिका रही।

### जिनालयों में पर्यूषण पर्व के पहले दिन को उत्तम क्षमा दिवस के रूप में मनाया



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** दिगम्बर जैन समाज के दश लक्षण पर्यूषण पर्व का गुरुवार से आगाज हो गया है। जिले भर के जिनालयो में पर्यूषण पर्व के पहले दिन को उत्तम क्षमा दिवस के रूप में मनाया गया। बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु जिनालयों में पहुंचे और भगवान का अभिषेक किया। गुरुवार को पहला दिन उत्तम क्षमा दिवस के रूप में मनाया। सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक का दौर चला। वहीं, महिलाओं ने भी मन्दिर में पूजा अर्चना की। आगंतुक विद्वानों का सानिध्य भी मिल रहा है। नगर के महावीर मार्ग स्थित पाश्र्वनाथ जैन मंदिर महावीर दिगम्बर जैन मंदिर आजाद चौक शांतिनाथ रेस्ट हाउस रोड जिनालय में सुबह पर्यूषण पर्व शुरू होने के साथ ही जैन समाज का ध्वजारोहण हुआ। इसके बाद जिनालयों में अपने पारंपरिक वेशभूषा में मन्दिर में पूजा अर्चना करते नजर आए। आगामी 10 दिनों तक दिगम्बर जैन समाज की ओर से विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही संध्या कालीन आरती का आयोजन होंगे और तपस्वी व्रत और तप वंदना करेंगे।

## न्याय की आस में बैगा समाज की महिला

# गरीब विधवा के खाते से निकाले 60 हजार, आरोपी फरार

**उमरिया।** योजनाओं से गरीबों को राहत देने का दावा करने वाली सरकार की नीतियां भी अब ठगों के शिकंजे में आ चुकी हैं। जिले की एक विधवा महिला के साथ ऐसा ही हुआ, जब उसके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले पैसों पर एक युवक ने हाथ साफ कर दिया। धोखाधड़ी की शिकार महिला दर-दर भटक रही है और न्याय की गुहार लगा रही है, लेकिन पुलिस-प्रशासन की चुप्पी ने उसकी पीड़ा और गहरी कर दी है।जिले के ग्राम अचला निवासी गीताबाई बैगा, पति स्वर्गीय पवन बैगा के निधन के बाद अपने चार छोटे बच्चों के साथ जैसे-तैसे गुजर-बसर कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसे आवास स्वीकृत हुआ। पहली किस्त 40,000 रुपये प्राप्त कर उसने निर्माण कार्य शुरू भी कर दिया, लेकिन दूसरी किस्त ने उसकी जिंदगी में बड़ा झटका दे दिया। गीताबाई का आरोप है कि भरौला निवासी सुजीत कुमार राय उसके घर पहुंचा और खुद को कम्प्यूटर का जानकार बताकर संबल कार्ड अपडेट कराने के नाम पर उसका विश्वास जीत लिया। उसने महिला से कहा कि योजना का पैसा केवल बैंक खाते के माध्यम से आएगा, इसलिये उसे स्माल फायनेंस बैंक उमरिया में खाता खुलवाना होगा।

### पहले से बनाया एटीएम, महिला को पता भी नहीं

गीताबाई ने भरोसा करते हुए खाता खुलवाया। खाते का नंबर 53230001304070 है। पहली किस्त की राशि महिला ने स्वयं निकाल ली, लेकिन दूसरी किस्त के 60,000 रुपये खाते में आने के बाद सुजीत कुमार राय ने गुपचुप तरीके से पूरा पैसा एटीएम से निकाल लिया। हैरानी की बात यह है कि गीताबाई ने कभी एटीएम कार्ड बनवाया ही नहीं। खाते खुलवाते समय ही आरोपी ने एटीएम कार्ड बनवाकर अपने पास रख लिया था।

### आरोपी ने दिया झांसा, अब लापता



जब महिला ने पैसा न मिलने की बात पूछी तो आरोपी ने कहा कि उसने जरूरी काम के लिये रकम निकाल ली है और 13 अगस्त 2025 तक लौटा देगा। लेकिन तय तारीख बीतने के बाद आरोपी न तो घर में मिला और न ही फोन उठाया। चार बच्चों की मां गीताबाई अपने अपूर्ण मकान की अधूरी दीवारों को देखकर रोज मायूस होती है।

### थाने में रिपोर्ट, कार्रवाई ठप्प

पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत नजदीकी थाना में दर्ज करवाई थी। मगर, हफ्तों बीत जाने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे गांव में यह संदेश गया है कि गरीब और निरक्षर समाज की आवाज दबाई जा रही है। विधवा महिला का कहना है कि उसके पास न पैसा है, न कोई सहारा। यदि प्रशासन ने समय रहते मदद नहीं की तो उसका सपना - प्रधानमंत्री आवास- अधूरा ही रह जाएगा।

### बैगा समाज में आक्रोश

यह घटना बैगा समाज के बीच गुस्से का कारण बनी हुई है। उनका कहना है कि सरकार की योजनाओं के नाम पर ठग गिरोह सक्रिय हैं और अधिकारी आंख मूंदकर बैठे हैं। गरीबों को आवास, रोजगार और पेंशन योजनाओं से राहत मिलनी चाहिए थी, लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही से वे और कर्ज़दार व परेशान हो रहे हैं। गीताबाई बैगा ने पुलिस अधीक्षक से लिखित में गुहार लगाई है कि आरोपी सुजीत कुमार राय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उसे न्याय दिलाया जाए। उसका कहना है कि अब उसके पास मकान बनाने के लिए न पैसा है, न साधन। चार छोटे बच्चों के साथ उसका जीवन संकट में है।

### कब जागेगा प्रशासन?

यह मामला सिर्फ एक गरीब महिला की ठगी का नहीं, बल्कि सिस्टम की लापरवाही का आईना है। जब किसी योजना की रकम सीधे खाते में जमा होती है और बैंक-एटीएम जैसी प्रक्रियाएं पारदर्शी मानी जाती हैं, तब इस तरह से एक निरक्षर महिला को ठग लेना गंभीर सवाल खड़ा करता है। आखिरकार गरीब और असहाय वर्ग को न्याय कब मिलेगा?

# कलेक्टर ने दो शिक्षकों को किया निलंबित

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय उमरिया में विधानसभा क्षेत्र 89-बांधवगढ़ के समस्त बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था, बीएलओ को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसमें नीलिमा कमल साहू माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल खलेसर उमरिया एवं बीएलओ भाग संख्या 131 , जरीन जफर माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला उफरी एवं बीएलओ भाग संख्या 156 उमरिया अनुपस्थित पाई गई । जिन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया , किंतु जवाब समाधान कारक एवं संतोष जनक नही पाए जाने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने नीलिमा कमल साहू, माध्यमिक शिक्षक शा. हाई स्कूल खलेसर उमरिया को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला उमरिया नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। इसी तरह जरीन जफर, माध्यमिक शिक्षक शा.मा. शाला उफरी जिला उमरिया को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला उमरिया नियत किया गया है।

# बांधवगढ टाईगर रिजर्व में अवैध प्रवेश करने पर 12 आरोपी गिरफ्तार

**उमरिया।** क्षेत्र संचालक एवं उपसंचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के निर्देशन में मानसून गस्ती के दौरान पतौर परिक्षेत्र के कोर क्षेत्र अंतर्गत मझोली बीट एवं पतौर बीट के कंपार्टमेंट नंबर 399,403 एवं 404 में अलग अलग स्थान पर आरोपीयो के द्वारा पिहरी उखाडक़र मोटरसाइकिल पर रखकर ले जाते हुए एवं वन्य प्राणियों का पीछा करते हुए गस्ती टीम के सदस्यों को मौके पर पाए गए ।

व्यक्तियों से अवैध प्रवेश एवं हैबिटेट नुकसान करने के संबंध में पूछताछ की गई, जिस पर उनके व्दारा कोई वैध कागजात न होने पर 12 आरोपियों के विरुद्ध पी ओ आर दर्ज किया गया तथा पिहरी और 6 नग मोटरसाइकिल की जब्ती बनाकर माननीय न्यायालय उमरिया में सभी 12 आरोपियों को पेस किया गया ।



इस मामले में हिरासत में लिए गए आरोपियों के नाम छोटेलाल पिता अवधशरण सिंह उम्र 33 वर्ष ग्राम बरतराई पोस्ट सरसवाही थाना उमरिया, ,धर्मेन्द्र पिता बसंत सिंह उम्र 32 वर्ष ग्राम बरतराई पोस्ट सरसवाही थाना ,सुमित पिता लाल सिंह उम्र 22 वर्ष ग्राम बरतराई पोस्ट सरसवाही , रघुवीर पिता हरिदीन सिंह उम्र 45 वर्ष ग्राम बरतराई पोस्ट सरसवाही ,गुलाब पिता नमई सिंह उम्र 40 वर्ष ग्राम बरतराई पोस्ट सरसवाही ,अर्जुन पिता हेतई बर्मन उम्र 61 वर्ष ग्राम पलझा, पोस्ट चिल्हारी थाना इंदवार, , राहुल पिता रमेश प्रसाद बर्मन उम्र 22 वर्ष ग्राम पोडिय़ा पोस्ट खाँद थाना इंदवार, विजय पिता देवशरण बर्मन उम्र 28 वर्ष ग्राम पोडिय़ा पोस्ट खाँद थाना इंदवार, दिकपाल साहू पिता रामकुमार साहू उम्र 24 वर्ष ग्राम पोडिय़ा पोस्ट खाँद थाना इंदवार, पिंकू पिता पुनौआ बर्मन उम्र 21 वर्ष ग्राम पोडिय़ा पोस्ट खलौंद थाना इंदवार, प्रदीप पिता सोहनलाल चौधरी उम्र 34 वर्ष ग्राम पोस्ट पड़वार थाना इंदवार, .एवं हीरालाल पिता अशोक चौधरी उम्र 30 वर्ष ग्राम पोस्ट पड़वार थाना इंदवार शामिल है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**उमरिया।** अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम सत्या ने बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस को सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर 29 अगस्त से 31 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगे ।

उन्होने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस का 3 दिवसीय आयोजन नगर के विभिन्न स्थानों में किया जा रहा है जिसमे 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व शपथ के पश्चात राष्ट्रीय खेल हॉकी व हैंडबॉल का मैच अमर शहीद स्टेडियम में प्रातः8 बजे से खेला जाएगा जिसमे नगर के सभी खिलाड़ी वरिष्ठ व भूतपूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे विजेता खिलाडियों को प्रमाण पत्र से पुरुस्कृत किया जाएगा ।इसी तरह 30 अगस्त को शासकीय सज्जन उत्कृष्ठ विद्यालय उमरिया में दोपहर 12 बजे से राष्ट्रीय खेल दिवस व मेजर ध्यानचंद जी के खेल जीवन विषय पर गोष्ठी व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार 31 अगस्त को प्रातः7.30 बजे अमर शहीद स्टेडियम उमरिया से रणविजय चौक,गांधी चौक होते हुए जय स्तंभ,हॉस्पिटल तिराहा से स्टेडियम तक साईकिल रैली का आयोजन किया गया हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस के भव्य व सफल आयोजन हेतु सभी खिलाडि़यों खेल प्रेमियों वरिष्ठ,भूतपूर्व खिलाडि़यों व सभी खेल संगठनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### संविदा डॉक्टर प्रायवेट प्रेक्टिस में मशगूल



**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** जिले के जैतहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 28 अगस्त को संविदा डॉक्टर शिवांशु दास जो शासकीय आवास में प्रतिदिन सैकड़ो मरीजों का घर में इलाज कर लगभग 25 से 40000 रुपए की प्रैक्टिस कर भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं का पलीता लगाते हुए खुली लूट में संलग्न है इन्हें प्रशासन का कोई भय नहीं है। यह दृश्य प्रतिदिन रहता है बीएमओ डॉक्टर श्याम अत्यंत सरल होने के कारण उनका कोई नियंत्रण नहीं है इस आदिवासी क्षेत्र में गरीबों का यह लूट सरकार के लिए एवं प्रशासन के लिए चुनौती है प्रतिदिन प्राइवेट मेडिकल स्टोर से पर्ची लिखकर दवाइयां मरीज से बुलवाते हैं और 500 से 1000 प्रति मरीज एक ड्रिप चढ़ाकर वसूल रहे हैं।

### रामनगर पुलिस ने की चेक बाउंस के फरार 1 स्थाई वारंटी व 1 गिरफ्तारी वारंटी की गिरफ्तारी

**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना रामनगर पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। थाना रामनगर पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। इनमें से एक आरोपी 3 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी था। न्यायालय जेएमएफसी कोतमा के प्रकरण क्रमांक 10/22 धारा 138 पराक्रम्या अधिनियम के तहत वसूली वारंटी राम दास चौधरी पिता दौलू उर्फ नान दौलू चौधरी उम्र 48 वर्ष निवासी रामनगर को गिरफ़्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। वहीं, न्यायालय जेएमएफसी कोतमा के प्रकरण क्रमांक 23/20 धारा 138 पराक्रम्या अधिनियम के तहत 3 साल से फरार स्थायी वारंटी देवशरण पिता हेतराम प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी बरबसपुर थाना भालूमाड़ा को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, एएसआई विनोद नाहर, एएसआई उमेश तिवारी, प्र आर अमित पटेल, अनुराग भार्गव एवं आरक्षक मुमताज ख़ान की सराहनीय भूमिका रही।



### जब समिति के ही सदस्य ने उठाया सवाल, तो भर्ती की पारदर्शिता पर क्यों न लगे ताला?

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती का मामला अब और पेचीदा होता जा रहा है। राजनगर वार्ड क्रमांक 05 में हुई भर्ती प्रक्रिया में जिस तरह से असली वार्ड प्रत्याशी को नज़र अंदाज़ कर बाहरी वार्ड की महिलाओं को पात्र घोषित किया गया, उसने पूरे नगर में सवाल खड़े कर दिए हैं। खबर प्रकाशित होने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश और तेज़ हो गया। लोगों का कहना है कि यह भर्ती प्रक्रिया पहले से ही फिक्स थी और नियम-कायदों को ताक पर रखकर चहेते उम्मीदवारों को लाभ पहुंचाया गया। इसी बीच चयन समिति की सदस्य पार्वती पनिका भी अब खुलकर सामने आ गई हैं। उन्होंने जिला पंचायत अनूपपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखते हुए साफ कहा है कि यह चयन प्रक्रिया पूरी तरह संदिग्ध है, इसलिए इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। पनिका ने निष्पक्ष जांच की भी मांग की है ताकि असली वार्ड की महिला उम्मीदवार को न्याय मिल सके और भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई हो सके। उन्होंने पत्र में लिखा है कि वार्ड क्रमांक 05 की पात्र महिला उम्मीदवार के पास सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद होने के बावजूद उसे अपात्र घोषित कर दिया गया, जबकि वार्ड 03, 09 और 11 जैसे अन्य वार्डों की प्रत्याशियों को पात्र मान लिया गया। यह न सिर्फ नियमों का खुला उल्लंघन है बल्कि स्थानीय हक़दार महिलाओं के अधिकारों का सीधा हनन भी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो आंगनवाड़ी भर्ती भी छोटे स्तर का व्यापम घोटाला बनकर रह जाएगी। "यहां असली प्रत्याशी को तो 'नो एंट्री' दिखा दिया गया और बाहरी उम्मीदवारों को 'ग्रीन सिग्नल' मिल गया। सवाल यह है कि आखिर सरकार का 'मूल निवासी को प्राथमिकता' वाला नियम सिर्फ किताबों में क्यों रह गया। जनता का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है और लोग मांग कर रहे हैं कि मामले की उच्चस्तरीय जांच हो, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके। अब देखना यह होगा कि महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन इस भर्ती पर क्या निर्णय लेते हैं। क्या निष्पक्ष जांच कर असली हकदार को न्याय मिलेगा या यह मामला भी फाइलों के ढेर में दबकर रह जाएगा।

# सड़क पर दुकान लगाने के कारण आवागमन हो रहा बाधित

**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** नगर के बाजार एरिया में दुकानदारों के द्वारा सड़क पर दुकान लगाई जा रही है जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा है। साथ ही सड़क के ऊपर बीचोंबीच प्लास्टिक के तिरपाल लगा ली गई है जिसके कारण भी बडे वाहनों के आवागमन मे परेशानी हो रही थी साथ ही गणेश चतुर्थी पर्यूषण पर्व भी शुरू हो गया है आगामी दिनों मे ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार भी है। शांति समिति की बैठक मे भी नगर के मुख्य मार्गो में सड़क पर दुकान लगने को लेकर नागरिकों ने बात कही थी। नपा अध्यक्ष अजय सराफ सी यम ओ प्रदीप झारिया के द्वारा सड़क पर लग रही दुकानों को हटाये जाने को लेकर गुरुवार को नगर पालिका के राजस्व पुलिस प्रशासन एवं सफाई कर्मचारियों के द्वारा अभियान चलाते हुए सड़क पर बनी सफेद पट्टी के बाहर दुकानें न लगायें जाने को लेकर व्यापारियों से अपील करते हुए हटाने की कार्यवाही की गई। मुख्य बाजार एरिया से सब्जी फल एवं चाट फुल्की की दुकानों को चौपाटी में दुकान लगाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही सब्जी फल दुकानों को अंडर ब्रिज रोड मे दुकानें लगाने के निर्देश दिए गए।

### दिये निर्देश

गुरुवार की सुबह से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया नपा राजस्व अधिकारी योगेन्द्र तिवारी रवि सोनी मनीष गर्ग अमित सेन बीरेंद्र शर्मा राहुल सोनी सहित



राजस्व एवं पुलिस प्रशासन सफाई कर्मचारियों का अमला नगर के गांधी चौक आजाद चौक स्टेशन चौक पुराना स्टेट बैंक रोड महावीर मार्ग गहरवार चौक में दुकानदारों के द्वारा दुकानो को बढ़ाकर सड़क तक दुकान लगाई जा रही है। जिन्हें व्यवस्थित सफेद पट्टी के अंदर दुकान लगाने के निर्देश दिया गया। सड़क पर लग रही फल दुकानें नगर के गांधी चौक स्टेशन चौक आजाद चौक गहरवार चौक महावीर मार्ग पुराना स्टेट बैंक रोड में ठेले मे लग रहे फल विक्रेताओं को चौपाटी एवं अंडर ब्रिज रोड में दुकाने लगावाते हुए निर्देश दिया गया कि कड़ी कार्यवाही किया जायेगा।

### नही कर रहे सहयोग

बाजार एरिया से फल एवं अन्य ठेले में लगाई जा रही दुकानो को हटाकर अन्य जगहों पर दुकानें लगवाये जाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी के द्वारा समझाइश देते हुए कहा कि बाजार में सड़क पर लग रही दुकानों को व्यवस्थित रूप से किया जायेगा। नगर पालिका के द्वारा गुरुवार को बाजार में घूम कर सड़क के किनारे बनाई गई सफेद पट्टी के अंदर दुकानदारों को दुकान में लगाए जाने के लिए कहा गया तो दुकानदारों ने विवाद भी किया यदि दुकानदारों के द्वारा नगर पालिका का सहयोग किया जाएगा तो नगर में व्यवस्थित दुकान लगनी शुरू हो जाएगी। सड़क के ऊपर दुकानदारों के द्वारा प्लास्टिक की तिरपाल लगाया गया था उसे भी निकलवाया गया जिससे आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सकेगा।

### लगता है जाम

वर्तमान में नगर में जिस हिसाब से अव्यवस्थित यातायात बना हुआ है और प्रतिदिन हर घंटे जाम की स्थिति बन जाती है। जिसको देखते हुए नगर के व्यापारियों को नगर पालिका के अधिकारियों कर्मचारियों का सहयोग करना होगा जिससे नगर में यातायात व्यवस्था समुचित हो सके नागरिकों को जाम की समस्या से निजात मिल सके। और नगर को तभी व्यवस्थित एवं विकसित किया जा सकता है जब व्यापारियों का सहयोग भरपूर मिलेगा तभी यह संभव है। बाजार एरिया में सड़कों पर दुकान लगने के कारण आवागमन बाधित होता है प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है यदि किसी मरीज को इलाज के लिए अस्पताल लेकर जाना है तो उसे घंटों जाम में फंसना पड़ता है। जिला यातायात विभाग के द्वारा पूर्व में नगर में घूमकर व्यापारियों से निवेदन करते हुए सड़कों पर दुकान एवं बोर्ड न लगाने के लिए भी कहा गया था। नही मानने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये थे। लेकिन यह निर्देश आज तक अधूरा ही है।

### इनका कहना है

जब तक नगर के व्यापारियों का सहयोग हमें नहीं मिलेगा तब तक हम नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम नहीं बना सकते हैं। नगर के व्यापारियों का सहयोग बहुत जरूरी है जिससे नगर को व्यवस्थित एवं विकसित बनाया जा सके। फल सब्जी दुकानों को अंडर ब्रिज रोड मे व्यवस्थित दुकान लगवाई गई है। सड़क पर ठेले मे लग रही अन्य दुकानों को शुक्रवार को अभियान चलाकर व्यवस्थित दुकानें लगवाये जाने की कार्यवाही की जाएगी।

**प्रदीप झारिया, सीएमओ**
**नगर पालिका परिषद कोतमा**

**खबर संक्षेप**



## एसडीएम ने शासकीय हाई स्कूल का किया निरीक्षण

**शहडोल।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग ने तहसील जैतपुर के शासकीय हाई स्कूल गिरवा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में जल निकासी के लिए बनाए गए सेफ्टी टैंको को ढंकने के निर्देश दिए प्राचार्य को दिए। उन्होंने शासकीय हाई स्कूल गिरवा में शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, शैक्षणिक पाठ्यक्रम का संचालन आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, पाठ्यपुस्तकों का वितरण, साईकिल वितरण सहित अन्य सुविधाओ की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार श्री राजीव लगहाटे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## छात्रावास में विद्यार्थियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**शहडोल।** जिले में छात्रावासों एवं आश्रमों में रह रहे विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। आदिवासी बालक आश्रम विजहा में डॉ. अजय पटेल द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसी तरह बैगा आश्रम छात्रावास छतवई तथा जूनियर आदिवासी बालक छात्रावास कंचनपुर में भी निवासरत विद्यार्थियों का वजन लेने के साथ ही हीमोग्लोबिन टेस्ट तथा सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई। एनीमिक बच्चों को फेरस सल्फेट की गोली तथा सीजनल बीमारियों से पीड़ित बच्चों को दवाओं का वितरण किया गया।

## महिला से नौकरी और अंधविश्वास के नाम पर 20 लाख की ठगी

**शहडोल।** जिले में एक ऐसा सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है जिसने पूरे संभाग को हिला दिया है। खुद को ज्योतिष का ज्ञाता बताने वाला रीवा निवासी विनय कुमार मिश्रा ने शहडोल की महिला अंजू पाण्डेय निवासी वार्ड क्रमांक 16 पटेल नगर को पहले अंधविश्वास के जाल में फंसाया और फिर सरकारी नौकरी दिलाने का लालच देकर 20 लाख रुपये मूल्य के गहने और नगदी हड़प लिए। सूत्रों के अनुसार, विनय मिश्रा ने शुरुआत में अंजू पाण्डेय से संपर्क साधा और कुंडली दिखाने के बहाने परिवार पर संकट बताया। उसने यहां तक कह दिया कि सावन के नक्षत्र में बच्चों की जिंदगी पर खतरा मंडरा रहा है और मौत का साया परिवार पर है। इन बातों ने पीड़िता और उसके परिवार को मानसिक रूप से भयभीत कर दिया।

**परिवार की आर्थिक स्थिति का लिया अंदाजा–** डरी-सहमी महिला ने अपनी समस्याएं मिश्रा को बताईं। इसी दौरान उसने परिवार की आय, संपत्ति और आर्थिक स्थिति का बारीकी से अंदाजा लगाया। जब उसे पता चला कि परिवार का स्थायी आय स्त्रोत है, तो उसने सुनियोजित तरीके से ठगी का खेल शुरू किया। धीरे-धीरे विश्वास जीतने के बाद विनय मिश्रा, उसकी पत्नी वंदना पाण्डेय और सहयोगी ललिता पाण्डेय ने महिला को आंगनवाड़ी क्लर्क की नौकरी दिलाने का लालच दिया। इस बहाने पहले 62 हजार रुपये मोबाइल बैंकिंग और नगद लिए गए, इसके बाद करीब 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात भी ठग लिए।

**पीड़िता ने जुटाई हिम्मत, पुलिस ने दर्ज किया केस–** लंबे समय तक ठगी का शिकार होने के बाद आखिरकार पीड़िता ने हिम्मत दिखाई और पूरे मामले की शिकायत थाना कोतवाली शहडोल में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपित विनय मिश्रा के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### रेल्वे स्टेशन पहुंच मार्ग पर लोहे के लगे पोल को न्यायालय के आदेश पर रेल्वे द्वारा हटवाया गया

# दस वर्षों से अवरुद्ध मार्ग अब हो सका सुगम

रेल्वे स्टेशन के निकट ब्रिज स्थल पर लोहे के लगे पोल को मा. न्यायालय के आदेश पर रेल्वे प्रशासन द्वारा बुधवार को हटवा लिए जाने की फलस्वरुप अब बुढार स्टेशन तक यात्री टैक्सियों व यात्रियों के वाहनों का आवागमन सुगम हो गया है, जिससे यात्रियों व नागरिकों में प्रसन्नता व्याप्त है।





बुढार।

रेल्वे द्वारा लोहे के पोल लगवाये जाकर बुढार स्टेशन पहुंच मार्ग पर चार चकिया व तीन चकिया वाहनों के आवाजाही को बंद करवा दिया गया था, और अर्सा दस वर्ष से धनपुरी, साबो तथा विभिन्न क्षेत्र के यात्रियों को यात्री ट्रेनों से अपने गंतव्य की यात्रा हेतु रेल्वे मार्केट व्यस्तम मार्ग से जैन मंदिर मार्ग होकर यात्री टैक्सियों व अपने निजी वाहनों से यात्रियों को अवरोधो का सामना करते हुये यात्री स्टेशन किसी तरह पहुंचते थे, और व्यस्त मार्केट में यातायात बांधित होने के कारण यात्री ट्रेन उनके स्टेशन पहुंचने पर प्रस्थित को जाती थी, ऐसे जटिल समस्या का सामना यात्रियों को करना पड़ रहा था।

जनहित व यात्रीहित की इस महत्वपूर्ण समस्या को लेकर रेल्वे विभाग के विरुद्ध व्यवहार न्यायालय बुढार में वाद पत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के अतिरिक्त मा. न्यायाधीश द्वारा गत 22 अगस्त को प्रस्तुत किये गये वाद पत्र का महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया गया, और पारित निर्णय में आदेशित किया गया कि - लोहे के लगाये गये पोल को हटवाये जाकर अवरुद्ध मार्ग से आवागमन सुचार रूप से आम जनता के लिए किया जाये, इस आदेश के परिपालन में 27 अगस्त को रेल्वे द्वारा लगवाये गये पोल को ड्रिल मशीन के द्वारा हटवाये जाकर अवरुद्ध मार्ग को आम जनता के लिए पूर्ववत सुगम करा दिया गया, मा. न्यायालय के इस आदेश का नागरिकों ने स्वागत किया है।

रेल्वे द्वारा आवागमन मार्ग को पूर्ववत करा दिये जाने के फलस्वरुप अब रेल्वे स्टेशन तक यात्रियों को पहुंचने का मार्ग अब सुगम हो गया है, और यात्री टैक्सियों को व्यस्त मार्ग से अब छुटकारा मिल सकी है, यात्री हित को लेकर मा. न्यायालय में नगर के प्रतिष्ठित नागरिक पवन कुमार चमडिया, रोहणी प्रसाद गर्ग, कैलाश सिंघानिया ने रेल्वे के विरुद्ध वाद पत्र प्रस्तुत किये थे, जिनमे से पवन कुमार चमडिया जी के ना रह पाने के उपरांत यह महत्वपूर्ण निर्णय आने पर उन्हें नगरवासी पुण्य स्मरण कर रहे हैं और उनके इस सार्थक पहल को भी याद कर रहे हैं, इस मामले की पैरवी अधिवक्ता सतेन्द्र शुक्ला ने की है।

## शासकीय महाविद्यालय में श्री गणेश भगवान की माटी से मूर्तियां निर्मित कर श्रद्धाभाव से किया पूजन अर्चना

बुढार।



रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार में श्री भगवान गणेश जी की मूर्ति माटी से निर्मित कर सिद्ध श्री गणेशोत्सव का आयोजन किया और श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना की गयी।

महाविद्यालय में मंगलवार को माटी गणेश, सिद्ध गणेश पर्व का आयोजन,महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर गंगा मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक प्रो. अनिल कुमार उपाध्याय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अपने उद्बोधन में मिट्टी से बनी श्री गणेश प्रतिमा पर जोर देते हुए इको फ्रेंडली वातावरण पर अपने प्रेरक विचार प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों ने भारतीय ज्ञान परंपरा, पर्यावरण संरक्षण पर ज्ञानवर्धक एवं विभिन्न विषयों पर सभी विद्वानों द्वारा प्रकाश डाला गया जिसमें डॉ. एस.एम. प्रजापति, डॉ. मनोज कुजूर, राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरुष कार्यक्रम अधिकरी डा. राधेश्याम नापित ने प्रकृति पूजा एवं पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्सव को मनाने की बात कही।

डॉ. दिनेश वर्मा, सहायक प्राध्यापक कमलेश प्रजापति एवं कार्यक्रम में सभी अतिथि विद्वान और महाविद्यालय के एन.एस.एस. के छात्र - छात्राओ ने उपस्थित होकर बढ - चढकर उत्साह पूर्वक श्री गणेश भगवान की माटी से मूर्तियां बनायी और पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम भक्ति और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम पर सभी प्राध्यापक एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक रानी पटेल ने किया और छात्रों को शपथ दिलायी।



## विचारपुर की महिला फुटबाल टीम राजधानी में दिखाएगी जौहर

### 30 अगस्त को विचारपुर एवं सरदारपुर के मध्य होगा रोमांचक मैच

**शहडोल।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मिनी ब्राजील के नाम से प्रसिद्ध जिले के ग्राम विचारपुर की महिला फुटबाल टीम एवं धार जिले के ग्राम सरदारपुर फुटबाल टीम के मध्य रोमांचक फुटबाल प्रतियोगिता भोपाल के त्याताटोपे स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने जानकारी दी है कि हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर खेल दिवस 29, 30 एवं 31 अगस्त 2025 को पूरे देश में मनाया जा रहा है,जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव, मध्य प्रदेश शासन एवं खेल युवा कल्याण विभाग मंत्री माननीय विश्वास सारंग मंषा अनुसार एवं उनकी मुख्य अतिथि में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में सद्भावना फुटबॉल मैच 30 अगस्त 2025 को टी टी नगर भोपाल स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से सरदारपुर, धार जिला, विरुद्ध विचारपुर, शहडोल जिला फुटबॉल टीम के बीच खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि विचारपुर टीम के खिलाड़ी ,यशोदा सिंह ,कप्तान, उमा केवट ,सुहानी कोल, एकता रजक सपना गुप्ता, सानिया सिंह, सानिया कुंडे, रजनी सिंह, सोनू बैगा ,राधिनी सिंह, शबनम केवट, रेनू केवट ,भारतीय बैगा ,शीतल सिंह, पुनीता सिंह, स्नेहा सिंह के नाम शामिल है।

## कांग्रेस ने दशकों तक ओबीसी वर्ग के हक छीने: चौरसिया

शहडोल।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी रविकांत चौरसिया ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया है कि उसने लंबे समय तक पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को कुचलने और उन्हें उनके उचित हक से वंचित रखने का कार्य किया है। चौरसिया का कहना है कि कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी को केवल वोट बैंक समझा, लेकिन वास्तविक लाभ पहुंचाने का प्रयास कभी नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने ही सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में ठोस कदम उठाए। चौरसिया के अनुसार, कांग्रेस ने 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने में लगातार बाधाएं डालीं और न्यायालयों में झूठी दलीलों के सहारे ओबीसी वर्ग के अधिकारों को रोका। जबकि भाजपा सरकार ने न केवल ओबीसी को राजनीतिक, शैक्षणिक और सामाजिक प्रतिनिधित्व दिलाने का काम किया, बल्कि उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित की। श्री चौरसिया ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विधानसभा और लोकसभा में ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कोई



सीट आरक्षित नहीं की गई। यही कारण रहा कि लंबे समय तक पिछड़ा वर्ग राजनीति और निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रहा। इसके विपरीत भाजपा ने पंचायत और नगरीय निकायों के चुनावों में ओबीसी वर्ग के लिए सीटें आरक्षित कीं और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर दिया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ह्क्चष्ट आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। साथ ही शिक्षा और नौकरियों में ओबीसी को आरक्षण सुनिश्चित किया गया। यह कदम ऐतिहासिक है, क्योंकि इससे ओबीसी वर्ग की पहचान और अधिकारों को मजबूती मिली। श्री चौरसिया ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने हमेशा पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता अपनाई। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस ने जब-जब सत्ता में रही, तब-तब ओबीसी आरक्षण और अधिकारों को सीमित करने का काम किया, लेकिन भाजपा ने इसे संवैधानिक सुरक्षा प्रदान कर समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास गवाह है कि उसने कभी भी ओबीसी को आगे बढ़ाने की नीयत से कार्य नहीं किया। जबकि भाजपा ने न केवल उनके अधिकारों की रक्षा की बल्कि उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने के लिए कई योजनाएं भी शुरू कीं। श्री चौरसिया ने स्पष्ट कहा कि आने वाले समय में भाजपा ओबीसी वर्ग की आवाज को और बुलंद करेगी और समाज के इस बड़े वर्ग के विकास के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी। भाजपा नेता रविकांत चौरसिया ने कांग्रेस पर यह आरोप गंभीरता से लगाया है कि उसने दशकों तक ओबीसी को उनके अधिकारों से वंचित रखा।

## बाणसागर डैम के गेट खुलते ही युवक नदी में फंसा 6 घंटे चले रेस्क्यू के बाद सुरक्षित निकाला गया

शहडोल।



बाणसागर डैम के गेट खुलते ही सोन नदी में मछली पकड़ रहा एक युवक तेज बहाव में फंस गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हडक़ंप मच गया। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तकरीबन छह घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना देवलोंद थाना क्षेत्र के कुमहिया गांव की है। बुधवार शाम करीब चार बजे बाणसागर डैम के छह गेट खोले गए थे। लगातार बारिश से डैम का जलस्तर बढने पर यह निर्णय लिया गया था। इसी दौरान रामपुरवा निवासी अल्ताफ खैरवार उम्र 34 वर्ष सोन नदी में मछली पकड़ रहा था। अचानक बढ़े जलस्तर के कारण वह नदी के बीच टापू पर फंस गया। गांव के लोग जब मवेशियों को लेकर घर लौट रहे थे, तभी उन्होंने युवक को टापू पर खड़ा देखा। वह अपनी शर्ट हिलाकर और आवाज लगाकर मदद मांग रहा था। तत्काल ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

थाना प्रभारी सुभाष दुबे मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ टीम को बुलाया। स्थिति की गंभीरता देखते हुए बाणसागर डैम प्रबंधन से चर्चा कर सभी छह गेट तत्काल बंद कराए गए। लगभग रात 8 बजे पानी का स्तर कुछ कम होने पर संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। लगातार कोशिशों के बाद अल्ताफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। युवक ने बताया कि वह रोज की तरह नदी में मछली पकडऩे गया था, लेकिन अचानक गेट खुलने से पानी का बहाव तेज हो गया और वह टापू में फंस गया। ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस-एसडीआरएफ की तत्परता से उसकी जान बच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पुनः डैम के गेट खोले गए।

## केसरवानी समाज का ऐतिहासिक महासंगम महर्षि कश्यप जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

### नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

### जगह-जगह हुआ फूल-मालाओं और भंडारे से स्वागत

### भारती पैलेस में हुआ मुख्य समारोह, समाज की एकता और शिक्षा पर दिया गया संदेश





**शहडोल।** केसरवानी समाज का ऐतिहासिक महासंगम को देखने को मिला। गोत्राचार्य महर्षि कश्यप मुनि की जयंती पर आयोजित केसर कुंभ कार्यक्रम ने नगर को पूरी तरह धार्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। इस आयोजन में न केवल जिले और प्रदेशभर से बल्कि देशभर से समाजबंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह, विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और जिला भाजपा अध्यक्ष अमिता चपरा, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी मौजूद रहे। इसके अलावा महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. एम.के. गुप्ता (वाराणसी), शिव कुमार वैश्य प्रयागराज, राजीव गुप्ता जबलपुर सहित विभिन्न जिलों से आए गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे।

**इस प्रकार हुआ आयोजन–** कार्यक्रम की अध्यक्षता केसरवानी वैश्य नगर सभा अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता ने की। सुबह पांडवनगर स्थित केसरवानी भवन से पूजन-अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। दोपहर 1:30 बजे नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने केसरवानी भवन पांडवनगर चौक का नामकरण महर्षि कश्यप चौक के रूप में लोकार्पित किया। इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो ढोल-नगाड़े, गाजे-बाजे, रथ और धार्मिक झांकियों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों—राजेंद्र टॉकीज चौक, जय स्तंभ चौक, गढ़ी सोहागपुर, भूसा तिराहा, बाणगंगा बाईपास, नया बस स्टैंड, इंदिरा चौक, गांधी चौक, नगर पालिका रोड, स्टेडियम रोड—से होती हुई भारती पैलेस पहुंची। रास्ते भर जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए और समाजबंधुओं ने फूल-मालाओं और भंडारे के माध्यम से शोभायात्रा का अभिनंदन किया। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरा नगर धार्मिक उत्साह में डूब गया। भारती पैलेस पहुंचकर ध्वजारोहण और कश्यप जी की आरती के साथ मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वागत भाषण अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता ने दिया। मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों ने समाज की एकता, शिक्षा और संगठन को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

**संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन–** यह भव्य आयोजन केसरवानी नगर सभा, महिला सभा और केसरवानी तरुण सभा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। मुख्य संयोजक देवेंद्र गुप्ता और रविंद्र गुप्ता रिंकू रहे, जबकि शोभायात्रा के संयोजक अमर गुप्ता रोशू थे। तरुण सभा अध्यक्ष ऋतुराज गुप्ता ने बताया कि पुलिस एवं जिला प्रशासन के सहयोग से शोभायात्रा का मार्ग व्यवस्थित किया गया था। केसरवानी समाज की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समाज ने इसे अभूतपूर्व संगम बताते हुए भविष्य में भी इसी तरह के बड़े आयोजन करने की घोषणा की।

**खबर संक्षेप**



## अमरकंटक में गणेश उत्सव की धूम, विभिन्न वार्डों में आकर्षक प्रतिमाएँ स्थापित

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में गणेश उत्सव की धूमधाम दिखाई दे रही है। नगर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में श्रद्धालुओं द्वारा आदि देव भगवान श्री गणेश की सुंदर एवं आकर्षक प्रतिमाएँ स्थापित की गई हैं। प्रतिमाओं की सजावट में विविध प्रकार की रंग-बिरंगी लाइटें, फूलों की झालरें और कलात्मक मंडप विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सुबह से ही गणपति बप्पा के दर्शन हेतु भक्तों का तांता लग रहा है। श्रद्धालु आरती, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। जगह-जगह गणेश उत्सव समितियों द्वारा धार्मिक आयोजन,प्रसाद वितरण भी किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस वर्ष गणेशोत्सव और भी भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। अमरकंटक के निवासी ही नहीं बल्कि आस-पास के क्षेत्रों से भी लोग दर्शन और उत्सव में शामिल होने पहुंच रहे हैं। नगर प्रशासन ने भी सुरक्षा और साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए हैं ताकि भक्तजन निर्बाध रूप से भगवान गणेश के दर्शन कर सकें।

## रमेश चंद्र महापात्रा ने ग्रहण किया एसईसीएल निदेशक का पदभार

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन ने 27 अगस्त को कंपनी के नवनियुक्त निदेशक (तकनीकी) - योजना/परियोजना रमेश चंद्र महापात्रा के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर स्वागत करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर श्रीमती शुभश्री महापात्रा की विशेष उपस्थिति रही। एसईसीएल निदेशक (तकनीकी) संचालन, एन फ्रेंकलिन जयकुमार एवं निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने भी श्री महापात्रा से भेंट कर उन्हें बधाई दी। ज्ञात हो कि एसईसीएल में निदेशक (तकनीकी) का पदभार संभालने से पूर्व रमेश चंद्र महापात्रा, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के झांझरा क्षेत्र में क्षेत्रीय महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। खनन क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय का अनुभव रखने वाले, श्री महापात्रा परिचालन में रणनीतिक दृष्टिकोण और नवाचारी नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्होने आईआईटी-बीएचयू से 1990 में माइनिंग इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की है। श्री महापात्रा ने मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए किया है और वे इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के फेलो भी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एसईसीएल के कोरबा क्षेत्र स्थित सूराकछार कोलियरी से की और उन्हें कोलियरी मैनेजर, प्रोजेक्ट ऑफिसर से लेकर अतिरिक्त महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक जैसे पदों पर कार्य करने का व्यापक अनुभव है। उत्पादन वृद्धि, आधुनिक प्रौद्योगिकियों के समावेश, भूमि एवं पुनर्वास संबंधी जटिल मुद्दों के समाधान तथा समुदायों के साथ मजबूत जुड़ाव स्थापित करने में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारतीय कोयला क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें अफ्रीकन माइनिंग इंदाबा (केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका) और चेक गणराज्य में औद्योगिक सहयोग वार्ताएँ शामिल हैं।

## गोरखपुर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**डिंडौरी।** करंजिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गोरखपुर में आगामी त्योहारों ईद मिलादुन्नबी एवं गणेश विसर्जन को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु ग्राम पंचायत भवन गोरखपुर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गाड़ासरई थाना प्रभारी गिरवर सिंह ऊयके सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं समुदाय के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# आंदोलन, रैली के माध्यम से की गई नवीन तहसील भवन के शिलान्यास की मांग

### पुराने स्थान मे ही रहे एसडीएम व तहसील कार्यालय- तहसील बचाओ संघर्ष समिति

### कलेक्टर ने दिया आश्वासन, पुराने जगह पर ही बनेगा नया तहसील भवन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**





इस समय सोशल मीडिया मे जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय अनूपपुर के नवीन भवन निर्माण के लिए स्थान परिवर्तन के संबंध मे तेज बहस छिडी हुई है जिसमे स्थान परिवर्तन का विरोध किया जा रहा है। स्थान परिवर्तन को लेकर अनूपपुर के वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम तक ने कलेक्टर को पत्र लिखकर स्थान परिवर्तन न करने हेतु कहा था। जनता की मांग के अनुसार तहसील कार्यालय के नवीन भवन का निर्माण कार्य पूर्व स्थान पर ही कराया जाए। उक्ताशय की जानकारी देते हुए 27 मार्च को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सरकारी विज्ञप्ति जारी कर कहा था कि तहसील कार्यालय अनूपपुर (जैतहरी रोड) प्रांगण में उपलब्ध भूमि में ही नवीन कार्यालय भवन का निर्माण कराए जाने का निर्णय जिला प्रशासन द्वारा लिया गया है। ज्ञात हो कि जर्जर तहसील भवन का स्थानांतरण कर नवीन तहसील सामतपुर के वार्ड क्रमांक 1 पर बनाये जाने का प्रशासन ने निर्णय लिया था जिसकी जानकारी लगते ही स्थानीय नागरिक, अभिभाषक, राजनैतिक दल के नेताओं, नगर के युवा एवं पत्रकारों ने अपनी कडी आपत्ति कलेक्टर हर्षल पंचोली के समक्ष दर्ज कराई थी। जिस पर प्रशासन ने यू टर्न लेकर पुराने जर्जर भवन को ध्वस्त कर नया भवन बनाने की मंजूरी दी है। जिस पर शीघ्र ही नवीन भवन का निर्माण होगा। हालांकि वर्तमान समय मे एक बार फिर यह मामला गर्माया हुआ है जिसमे बताया जा रहा है कि नवीन भवन का निर्माण पुराने स्थान पर न होकर अन्य जगह किये जाने आंतरिक रूप से तैयारी की जा रही है जिसके विरोध मे गुरूवार को तहसील परिसर के सामने सभी आंदोलनकारी एकत्रित होकर मंचीय उद्बोधन के बाद जिला पंचायत तक रैली व जिला पंचायत से कलेक्ट्रेट भवन तक पैदल मार्च कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। व्यापारियों और आम जनों ने तहसील कार्यालय पर प्रशासन की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए विरोध किया। मांग किया गया कि नवीन भवन का तत्काल शिलान्यास का भूमिपूजन कर मामले को खत्म कर दिया जाये।

### कलेक्टर ने किया आश्वस्त

ज्ञापन सौंपने के दौरान कलेक्टर की ओर से संदेश लेकर पहुंचे अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय ने आंदोलनकारियों को बताया कि बरसात के बाद नये भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा तथा पुराने स्थल पर ही नवीन भवन का निर्माण किया जायेगा।

### पुराने जगह पर नया भवन बनाने यह दिया गया तर्क

नया भवन पुराने स्थान पर ही बनाया जाने का तर्क दिया गया कि इससे लोगों को दूर-दराज़ जाने की परेशानी नही होगी, पुराने स्थान पर पहुँचने की सुविधा पहले से उपलब्ध है। बाजार, परिवहन और अन्य सरकारी कार्यालयों की निकटता बनी रहेगी इसके साथ ही बुजुर्ग, किसान और आम नागरिक आसानी से अपने कार्य निपटा सकेंगे। यदि तहसील भवन कहीं और स्थानांतरित किया गया तो जनता को भारी असुविधा होगी और समय व धन दोनों की बर्बादी होगी। इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, जिला महामंत्री जितेन्द्र सोनी, जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिंह, पार्षद अनिल पटेल, मण्डल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा सहित सैकडो लोगों ने कलेक्टर को यथा स्थान पर तहसील कार्यालय बनाने का ज्ञापन सौंपा था। तहसील बचाओ संघर्ष समिति ने चेतना नगर और पुरानी बस्ती में व्यापारियों और आम लोगों को पर्ची बांटकर आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया था।

### नगर पालिका ने भी किया था खेला

ज्ञात हो कि एसडीएम एवं तहसील कार्यालय भवन को चेतना नगर से सामतपुर ले जाने के संबंध मे बिना परिषद के प्रस्ताव के नगर पालिका अनूपपुर ने अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी कर दी थी जिसके बाद यह स्पष्ट हो गया था कि नवीन भवन का निर्माण अब सामतपुर मे ही होना है, लेकिन इसी बीच स्थानीय युवाओं ने इस मामले मे कडा विरोध करते हुये जनप्रतिनिधियों समेत जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखी और अंततः जीत उन्ही की हुई और स्थान परिवर्तन पर पूर्ण विराम लग गया।

### बिजली टॉवर पर चढ़कर सिरफिरे प्रेमी ने बयां की दर्द-ए-दिल की बात

# टॉवर पर चढ़ा आशिक के प्रेम का परवान





### पुलिस के मदद के आश्वासन पर जिद छोड़ टॉवर से उतरा नीचे

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

गुरूवार को कोतवाली पुलिस को 112 डायल की मदद से जानकारी मिली कि एक सरफिरा युवक जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत बरबसपुर के बगल से गुजरी हाईटेंशन टॉवर में चढ़ा हुआ है। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुँची इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारी भी घटना स्थल पहुंचे। युवक को हाईटेंशन टावर मे चढ़कर अजीबो गरीब हरकत के दौरान ग्रामीण भी इकट्ठा हो गये। हालांकि काफी मशक्कत और समझाइश के बाद युवक को सकुशल टॉवर से उतार लिया गया।

### पुलिस के आश्वासन पर नीचे उतरा युवक

28 अगस्त की दोपहर करीब 2:30 बजे डायल 112 सर्विस भोपाल के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम अनूपपुर एवं थाना प्रभारी कोतवाली को सूचना दी गई कि बरबसपुर ग्राम में पावर ग्रिड कारपोरेशन के हाई टेंशन लाइन के टावर में एक नवयुवक चढ़ा हुआ है जो कूद कर जान देने की बात कर रहा है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में तत्काल टी.आई कोतवाली अरविंद जैन अपने पुलिस बल सहायक उपनिषक संतोष वर्मा प्रधानारक्षक शेख रशीद, प्रधान आरक्षक खेमराज आरक्षक प्रकाश तिवारी आरक्षक अब्दुल एवं विद्युत विभाग से कनिष्ठ अभियंता सुनील पटेल, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया अनूपपुर के मैनेजर प्रवीण गुप्ता के साथ मौके पर पहुंचे जहां देखा गया कि हाई टेंशन लाइन के टावर पर काफी ऊंचाई पर एक नवयुवक चढ़ा हुआ था जिसने बातचीत पर बताया कि उसकी प्रेमिका ने विगत चार दिन से मोबाइल फोन पर बात करना बंद कर दिया है जिससे वह जान देना चाहता है और साथ में अपने साथ जहर का पैकेट और पानी की छोटी बोतल भी रखा है यदि कूदने से नहीं मरा तो जहर पीकर मर जाएगा।

### प्रेमिका के बात न करने से था नाराज

टीआई कोतवाली अरविंद जैन द्वारा पुलिस थाना के लाउडस्पीकर सिस्टम से हाई टेंशन लाइन के ऊंचे टावर पर काफी ऊंचाई पर लटके नवयुवक की करीब 2 घंटे तक काउंसलिंग की गई और उसे विश्वास दिलाया गया कि उसकी पूरी मदद की जाएगी तब वह नीचे उतरा जिसे सुरक्षित उसके परिवारजन को सौंपा गया। ज्ञात हो कि 21 वर्षीय नवयुवक मनीष उर्फ बबलू शहडोल जिले का रहने वाला है, जिसने अपनी प्रेमिका के द्वारा पिछले 4 दिन से मोबाइल पर बात न करने से नाराज होकर आत्महत्या का मन बनाकर टावर पर चढ़ना बताया। पुलिस द्वारा नवयुवक को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया जाकर पूरे मामले को जांच में लिया है।

### नर्मदा नदी के पुष्कर बांध में बसों की होती है धुलाई सफाई

# प्रदूषित हो रहा निर्मल जल, रोक लगाने मांग




**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

पवित्र नगरी अमरकंटक के मां नर्मदा नदी के पुष्कर बांध दक्षिण तट में नियमित रूप से बाहर से आने वाले यात्री बसों को खड़ा वहां धुलाई सफाई आदि की जाती है तथा उसका गंदा प्रदूषित पानी नर्मदा नदी में वापस चला जाता है तथा गंदगी वहीं पड़ी रहती है बसों के धोने से साबुन वाशिंग पाउडर का गंदा पानी वापस नर्मदा नदी में जाता है इससे नर्मदा का जल प्रदूषित होता है वाहन चालक नर्मदा नदी के किनारे वाहन खड़ा कर प्रत्येक दिवस शायं काल रात्रि में अपने वाहन नियमित रूप से धोते व साफ करते हैं जबकि पर्यटक तीर्थ यात्री भक्त श्रद्धालु दर्शनार्थी मात्र स्नान करते हैं डुबकी लगाते हैं तथा सुबह शाम मां नर्मदा जी का आरती पूजन अर्चन तथा आचमन करते हैं तथा जलपान करते हैं इससे उनकी श्रद्धा भक्ति विश्वास पर विपरीत असर पड़ता है तथा प्रदूषित गंदा जल पीने से शारीरिक प्रभाव असर होता है। पतित पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा जी के प्रदूषण मुक्त किए जाने हो शासन प्रशासन अपने स्तर पर गंभीर प्रयासरत है लेकिन वाहन चालक एवं कर्मचारी नर्मदा को प्रदूषित करने हेतु आमादा हो रहे हैं इन पर तत्काल सख्त कार्यवाही करते हुए रोक लगाया जाना नितांत आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि भक्त श्रद्धालु परिक्रमा वासी एवं दर्शनार्थी उक्त नर्मदा जल से ही चाय नाश्ता भोजन आदि बनाते हैं तथा नर्मदा जल पीकर ही गुजर बसर करते हैं। परिक्रमावासी तो पतित पावनी मां नर्मदा जी के नदी का आस्था एवं विश्वास धार्मिकता के वातावरण में परिक्रमा करते हैं। अनूपपुर जिला प्रशासन एवं स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक से बसों को नर्मदा तट पर धोने साफ सफाई करने तथा गंदगी विसर्जन से तत्काल रोक लगाने की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा भक्त श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों ने निवेदन करते हुए की है ताकि नर्मदा उद्गम स्थल से पर्यावरण प्रदूषण रोका जा सके।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।**

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालमाडा के मर्ग क्रमांक 58/2025 धारा 194 बीएनएस की जांच की गई। दौरान जांच आरोपीगण गणेश प्रजापति व दीपक प्रजापति तथा अर्जुन प्रजापति के द्वारा गांव में अजय कुमार कोल को धमकी देकर बार बार बोलते थे कि तुम्हारी मम्मी सरपंच है साफ सफाई वह अन्य मदों का पैसा निकाल कर खा जाती है साफ सफाई व गांव का काम नहीं करती है। इसी बात को लेकर 16 अगस्त को आरोपी गण मृतक के साथ विवाद कर मारपीट किए थे एवं उसका मोबाइल फोन तोड़ दिए थे इसके बाद जब भी आरोपी गण मृतक से मिलते थे बोलते थे कि तुम्हारी मम्मी सरपंच है तुम्हारा मामा सरपंच है लेकिन तुम लोग हम लोगों का कुछ बिगाड़ नही पाये बोलकर मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया मृतक अत्यधिक क्षुब्ध परेशान व प्रताड़ति था जिसके कारण दिनांक 23 अगस्त के शाम करीबन 17.30 बजे अजय कुमार कोल के द्वारा मानसिक रुप से प्रताड़ति होकर अपने घर के आटारी के म्यार की लकड़ी में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मर्ग जांच पर आरोपीगण गणेश प्रजापति व दीपक प्रजापति तथा अर्जुन प्रजापति के विरूध्द अप.क्र. 379/2025 धारा 108, 115 (2), 324 (4), 3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना थाना प्रभारी निरी. संजय खलको की नेतृत्व में आरोपीगणों की पता तलास साईबर सेल की मदद से की गई जो आरोपी गणेश प्रजापति एवं अर्जुन प्रजापति दोनो निवासी लतार का ग्राम पडौर में दस्तयाब हुए जिन्हे गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपीगणों को जेल भेजा गया है।

### इधर कोतमा पुलिस ने भी कार्यवाही

23 अगस्त को बहोरीलाल साहू पिता छोटेलाल साहू निवासी ग्राम छुल्हा थाना कोतमा का फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। जिस पर थाना कोतमा में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया, मर्ग जांच दौरान साक्षियों एवं परिजनों से पूछताछ पर पाया गया कि गांव के रामलखन त्रिपाठी एवं उसके दो लडकों तथा मृतक अपनी स्वयं की पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर लिया है। मर्ग सदर जांच से आरोपीगणों के विरूध्द प्रथम दृष्टया धारा 108,3(5) बीएनएस का अपराध पाये जाने से दिनांक 26.8.25 को अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना त्वरित कार्यवाही कर आरोपी राजेन्द्र त्रिपाठी पिता रामलखन त्रिपाठी एवं गीता साहू दोनो निवासी ग्राम छुल्हा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां से जेल वारंट बनाने पर जिला जेल दाखिल किया गया है। शीघ्र अन्य फरार आरोपियों की पता तलाश कर उनकी भी गिरफ्तारी की जायेगी।

# मजदूरों का शोषण कर रहे इंजीनियर

## काम लेते पूरा, मजदूरी देते अधूरी

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।**



ग्राम पंचायत द्वारा संचालित नर्सरी में कार्य मनरेगा के महिला एवं पुरुष मजदूरों ने बताया कि हम लोग बदरा नर्सरी में लगभग 10 वर्षों से कार्य कर रहे हैं लेकिन इस बढ़ती महंगाई में उचित मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है इसका कारण यहां के इंजीनियर साहब हैं जो प्रतिदिन हाजिरी का सिर्फ 180 रूपये एवं अधिकतम 200 रूपये ही मूल्यांकन कर रहे हैं। इतना ही नहीं नर्सरी एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का कार्य है जो सप्ताह के सातों दिन चलता है लेकिन हमें मजदूरी सिर्फ 5 या 6 दिन की ही दी जाती है बाकी एक या दो दिन की मजदूरी हमारी काट दी जा रही है।एक तो शासन द्वारा मजदूरी का भुगतान दो से तीन माह में होती है जिसका कोई निश्चित समय नहीं है इस पर हमारी मेहनत का उचित मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है जबकि हम सभी मजदूर 8 से 9 घंटे कार्य करते हैं। हम जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं लेकिन इंजीनियर हमारी मेहनत का उचित मजदूरी भी नहीं दे रहे हैं हम अपना परिवार किस तरह चलाएं। अधिकारियों से कई बार शिकायत भी किया लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है। ग्राम पंचायत रोजगार सहायक को बताए तो उनका कहना है कि हम इंजीनियर को कई बार बता चुके हैं वे मेरी बात को ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह व्यथा ग्राम पंचायत बदरा द्वारा संचालित उस नर्सरी की है जहां नर्सरी के मजदूर बगैर कोताही के ईमानदारी से कार्य करते हुए उसे बनाया एवं संवारा है। जिले में मनरेगा की ऐसी नर्सरी नहीं है यह नर्सरी आज बदरा ग्राम पंचायत के आय का एक स्त्रोत भी है। ग्राम पंचायत बदरा की शान भी यह नर्सरी है लेकिन इंजीनियर द्वारा मजदूरों का सिर्फ शोषण किया जा रहा है। बजरंग नर्सरी जो मनरेगा की है उसमें 8 से 9 घंटे आज भी कार्य कर रहे हैं लेकिन अगर इन मजदूरों को उनकी मेहनत की उचित मजदूरी नहीं मिलेगी तो वह कैसे कार्य करेंगे। मजदूरों ने जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से निवेदन है कि आप बजरंग नर्सरी का भ्रमण कई बार किए हैं। मजदूरों ने अधिकारी से इस मामले मे न्याय करते हुये पूरा व उचित मजदूरी दिलाये जाने की मांग की है।

### अनूपपुर जिले में डायल 112 पुलिस सेवा हुई प्रारंभ, 10 एफआरव्ही व्हीकल होंगे तैनात

# राज्य मंत्री, सांसद व स्थानीय विधायक ने दिखाई हरी झंडी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 14 अगस्त से डायल 100 के अपग्रेडेड वर्जन डायल 112 सेवा प्रारंभ की गई है, जिसके माध्यम से नागरिकों को तेजी से सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी, इन एफआर व्ही व्हीकल में आधुनिक सुविधाओं के रूप में मोबाइल डाटा टर्मिनल, डऐस कैमरा रहेगा, जिससे रिस्पांस टाइम सुधरेगा और लोगों को सहूलियत होगी। शहरी क्षेत्र में अधिकतम रिस्पांस टाइम 15 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 20 से 25 मिनट तक होगा। इसके अलावा एफआर व्ही स्टाफ को बॉडी बोर्न कैमरा दिए जाएंगे जिससे कार्यवाही में पारदर्शिता आएगी, जिले को पुलिस मुख्यालय द्वारा 10 एफआर व्ही व्हीकल आवंटित किए गए हैं जिसे गुरूवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अनूपपुर विधायक बिसाहू लाल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोति उर रहमान द्वारा पूजन अर्चन किया जाकर हरी झंडी दिखा कर अनूपपुर जिले में इस सेवा को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि अधिकारी, रेडियो शाखा एवं पुलिस लाइन का स्टाफ उपस्थित रहा।